सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-281
27/06/2017

मुख्यमंत्री ने पारस अस्पताल जाकर सड़क दुर्घटना में घायल विधायक पुत्र का कुशलक्षेम पूछा

पटना, 27 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज जोकीहाट, अररिया के विधायक श्री सरफराज आलम के पुत्र श्री आमिर फराज का कुशलक्षेम जानने पारस अस्पताल पहुॅचे। श्री आमिर फराज 25 जून को एन0एच0– 27ई0 पर जेठेया पुल–कोचाधामन के निकट सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे और इनका इलाज पारस अस्पताल में चल रहा है। पारस अस्पताल पहुॅचकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने श्री आमिर फराज के चिकित्सा कर रहे चिकित्सकों से इलाज के बारे में अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने विधायक श्री सरफराज आलम तथा परिवार के अन्य सदस्यों से भी घटना के क्रम में विस्तृत जानकारी ली।

साथ ही पारस अस्पताल में इलाजरत पालीगंज के श्री अशोक वर्मा की माता जी से भी मुलाकात की तथा उनका हालचाल पूछा। इस अवसर पर सांसद श्री आर0सी0पी0 सिंह भी मौजूद थे।

******